उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

संख्या : ओ.यू./1806 /2024 दिनाँक :21–03–2024

सूचना

उ.प्र. शासन के पत्र संख्या 3385/सत्तर–3–2023 दिनाँक 13 दिसम्बर, 2023 के अनुपालन में एतद्द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों/प्रभारियों/अधिकारियों/शिक्षकों/परामर्शदाताओं /कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में नार्को कोआर्डिनेशन (मादक पदार्थ) से सम्बन्धित विषय में जानमानस में जागरूकता लाने हेतु नशा मुक्ति पर **'युवाओं में बढ़ती मादक द्रव्य व्यसन की प्रवृत्तिः समस्याएं एवं समाधान'** विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन दिनाँक 22–03–2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे होना सुनिश्चित हुआ है। वेबिनार के मुख्य वक्ता प्रो. एस.एन. शंखवार, निदेशक, चिकित्सा विज्ञान संस्थान (I.M.S.), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी होंगे तथा वेबिनार की अध्यक्षता श्री विनय कुमार, कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज करेंगे। वेबिनार के Zoom App का ID एवं Passcode निम्नलिखित है :–

Meeting ID : 775 1859 8904
Passcode : 123456

अतः कृपया तद्नुसार उक्त वेबिनार में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(विनय कुमार)
कुलसचिव

पृ.संख्या : ओ.यू./1806/2024 तद्दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों/प्रभारियों/अधिकारियों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने विद्याशाखा/विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ से सम्बन्धित शिक्षकों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों को उक्त सूचना के सम्बन्ध में अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
2. निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. प्रभारी, आई.सी.टी. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यक्रम की सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन केन्द्र (CIQA), उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीया कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(विनय कुमार)
कुलसचिव